an>

Title: Need to declare and develop the Sindkhed Raja, the birth place of Rajmata Jijau-mother of Chhatrapati Shivaji- in Buldhana district, Maharashtra as a historical place of international importance.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) ः मैं केन्द्र सरकार से छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमाता जीजाऊ के जन्मस्थल सिंधखेड राजा जिला बुलढ़ाणा, महाराष्ट्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक स्थल बनाने की मांग करता हूँ।

हिन्दवी स्वराज्य की जननी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की माता होने के साथ-साथ राजमाता जीजाऊ उनकी मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी थीं। उनका सारा जीवन साहस और त्याग से भरा हुआ था।

राजमाता जीजाऊ ने जीवन भर कठिनाइयों और विपरीत परिस्थितियों को देखते हुए भी धैर्य नहीं खोया और अपने पुत्र "शिवा " को वे संस्कार दिए, जिनके कारण वह आगे चलकर हिंदवी स्वराज के संस्थापक "छत्रपति शिवाजी महाराज " बने।

राष्ट्रमाता जीजाऊ का जन्मस्थल सिंधखेड राजा जिला बुलढ़ाणा, महाराष्ट्र के लिए पुण्यभूमि, शिवतीर्थ व मातृतीर्थ है। महाराष्ट्र की समस्त जनता के लिए यह ऐतिहासिक प्रेरणादायी धरोहर है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि राजमाता जीजाऊ के जन्मस्थल सिंधखेड राजा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक का दर्जा दिया जाए और उसके लिए 1100 करोड़ की राशि उपलब्ध की जाए।